# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website-msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 600/ शोध वि0 / एम0एस0यू0 / 2025 दिनांकः 30.06.2025

## अधिसूचना

## पीएच0डी0 प्रवेश 2025–26

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्व राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों में सचांलित विभिन्न विषयों के शोध पाठ्यक्रम 2025–26 मे प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यथियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। ध्यातव्य महत्तवपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैः–

| क्रमाक | विवरण | तिथियाँ |
|---|---|---|
| 01. | ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि – | 30-06-25 |
| 02. | ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि – | 15-08-25 |
| 03. | आवेदन फार्म विश्वविद्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि (केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से समस्त स्वप्रमाणित पत्रजात सहित) – | 20-08-25 |
| 04. | आवेदन शुल्क सामान्य, ई0डब्लू0एस0, अन्य पिछड़ा वर्ग एंव दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु – | 2500/- |
| 05. | आवेदन शुल्क एस0सी0/एस0टी0 अभ्यर्थियों हेतु – | 1500/- |

उक्त शोध पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विषयवार रिक्त सीटें, अर्हता, शुल्क एवं प्रवेश प्रक्रिया आदि से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.msuniversity.ac.in पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रमाणिक सूचनाओं के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की उक्त वेबसाइट को देखते रहे।

**निम्नलिखित श्रेणी के अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे :–**

01. स्नातकोत्तर परीक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत (सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, क्रीमीलेयर के अन्तर्गत आने वाले पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए) एवं 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/नॉन क्रीमीलेयर पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए) अकों के साथ उत्तीर्ण की हो।
02. जे0आर0एफ0/यू0जी0सी0–नेट/सी0एस0आई0आर0–नेट/यू0पी0स्लेट/एम0फिल0 55 प्रतिशत अकों के साथ (यू0जी0सी0 अधिनियम 2009 के अनुसार)/गेट (at least 95 percentile)/यू0जी0सी0 एन0टी0ए0 परीक्षा द्वारा पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु अर्ह केटेगरी/ पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु जे0आर0एफ0 के समान राष्ट्रीय स्तर की वैध फेलोशिप/छात्रवृति धारित अभ्यर्थी

**NOTE:-**

01- पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु सम्बन्धित विषय में उपरोक्त अर्हता होना आवश्यक है। सत्र 2024–25 स्नातकोत्तर परीक्षा के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में प्रतीक्षारत परीक्षा परिणाम वाले अभ्यर्थी एवं जून 2025 में एन0टी0ए0 द्वारा संचालित यू0जी0सी0–नेट/सी0एस0आई0आर0–नेट परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी पीएच0डी0 2025–26 के आवेदन फार्म भर सकते है।

02- पीएच0डी0 प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय परास्नातक की अंक–तालिका एवं जे0आर0एफ0/यू0जी0सी0–नेट /सी0एस0आई0आर0–नेट/यू0पी0स्लेट/एम0फिल0 55 प्रतिशत अकों के साथ (यू0जी0सी0 अधिनियम 2009 के अनुसार) /गेट (at least 95 percentile)/यू0जी0सी0 एन0टी0ए0 परीक्षा द्वारा पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु अर्ह केटेगरी/ पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु जे0आर0एफ0 के समान राष्ट्रीय स्तर की वैध फेलोशिप /छात्रवृत्ति धारित अभ्यर्थियों को आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

30-6-25

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के सज्ञानार्थ।
02. शोध समन्वयक, माँ शाकुम्भरी वि0वि0 सहारनपुर।
03. वित्त अधिकारी।
04. परीक्षा नियंत्रक।
05. सहा0 कुलसचिव (शोध)।
06. दैनिक समाचारपत्रों अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, पजाब केसरी, राष्ट्रीय सहारा के सम्मानित सम्पादकगण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को अपने-अपने प्रतिष्ठित समाचारपत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
07. वेबसाइट इंचार्ज/वि0वि0 विज्ञापन एजेंसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराते हुए प्रचारित-प्रसारित कराना सुनिश्चित करें।
08. गार्ड फाइल।

कुलसचिव